COTO
College of Occupational Therapists of Ontario
Regulator of occupational therapists in Ontario

अपने ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट से क्या उम्मीद करें

ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट (व्यावसायिक चिकित्सक) सभी उम्र और सभी क्षमताओं वाले लोगों के साथ काम करते हैं ताकि उन्हें अपने दैनिक जीवन में कार्य और स्वतंत्रता के सर्वोत्तम स्तर तक पहुँचने में मदद मिल सके।

बीमारी, चोट, परिस्थितियां, या उम्र का बढ़ना परिचित कार्यों को कठिन बना सकता है। ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट सभी क्षमताओं के लोगों को दैनिक जीवन को सुरक्षित और आसान बनाने के लिए उपकरण और डिवाइसों, रणनीतियों, या समायोजन का सुझाव देकर उन गतिविधियों को करने में मदद करते हैं जो उनके लिए मायने रखती हैं।

जब आप किसी ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट के साथ काम करें तो क्या उम्मीद करें

- आप एक ऐसे योग्य स्वास्थ्य पेशेवर की उम्मीद कर सकते हैं जो ओंटारियो के ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट कॉलेज के साथ पंजीकृत (लाइसेंस प्राप्त) है।
- आप एक ऐसे ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट के साथ काम करने की उम्मीद कर सकते हैं जिसे पेशेवर मानकों को पूरा करना होगा और वार्षिक गुणवत्ता सुधार गतिविधियों में भाग लेना होगा।
- आप सुरक्षित, नैतिक और गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं।
- आप अपने ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट के साथ काम करने के बारे में सूचित निर्णय लेने के लिए आवश्यक सभी जानकारी प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं।
- आप यह उम्मीद कर सकते हैं कि आपका ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट आपके साथ सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार करेगा।
- आप अपने ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट से उम्मीद कर सकते हैं कि वह आपके मानवाधिकारों को बनाए रखेगा और आपकी व्यक्तिगत एवं सांस्कृतिक प्रथाओं का समर्थन करने के लिए आपके साथ काम करेगा।
- आप अपने प्रश्नों के उत्तर मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। आप अपनी ज़रूरत के अनुसार ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट से जितने चाहें उतने प्रश्न पूछें।

ओंटारियो में, ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट को **कॉलेज ऑफ़ ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट ऑफ़ ओंटारियो**

मई 2026

(College of Occupational Therapists of Ontario) के साथ पंजीकृत होना ज़रूरी है। आप coto.org पर ऑनलाइन पंजीकृत ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट की सूची (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध) को चेक करके पंजीकरण की पुष्टि कर सकते हैं।

यदि आपको किसी ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट के साथ काम करने के बारे में कोई प्रश्न है, तो ओंटारियो के ऑक्यूपेशनल थिरैपिस्ट कॉलेज (College of Occupational Therapists of Ontario) से संपर्क करें। हम यहाँ मदद करने के लिए उपलब्ध हैं। आप हमें 416-214-1177 पर कॉल कर सकते हैं या 1-800-890-6570 पर टोल-फ्री कॉल कर सकते हैं या हमें practice@coto.org पर ईमेल कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, हमारी वेबसाइट coto.org पर जाएं (केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध)।

मई 2026